दृष्टि The Vision

गोवा का स्थापना दविस

[गोवा के स्थापना दविस](#) (30 मई) पर प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों को बधाई दी।

दृष्टि The Vision

प्रमुख बदिु:

गोवा की भौगोलकि अवस्थति:

- गोवा, भारत के दक्षणि-पश्चिमी तट पर कोंकण के रूप में जाने वाले क्षेत्र में स्थति है और भौगोलकि रूप से दक्कन उच्च भूमि से पश्चिमी घाट द्वारा अलग होता है।

राजधानी:

- पणजी।

आधिकारिक भाषा: इसकी अधिकारिक भाषा कोंकणी है जो आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से एक है।

सीमाएँ:

- यह उत्तर में **महाराष्ट्र,** पूर्व और दक्षिण में **कर्नाटक** से घिरा हुआ है तथा **अरब सागर** इसके पश्चिमी तट का निर्माण करता है।

इतिहास:

- भारत ने **15 अगस्त, 1947** को स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ ही पुर्तगालियों से अपने क्षेत्र को वापस लौटाने का अनुरोध किया परंतु पुर्तगालियों ने ऐसा करने से मना कर दिया।
- राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारतीय नौसेना, वायु सेना और थल सेना द्वारा गोवा में 'ऑपरेशन विजय' चलाकर 19 दिसंबर,1961 को इसे पुर्तगालियों से मुक्त करा लिया गया।
    - प्रत्येक वर्ष 19 दिसंबर को भारत में गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है।
    - उल्लेखनीय है कि पुर्तगाली भारत आने वाले पहले यूरोपीय (वर्ष 1498 में) और इस भूमि को छोड़ने वाले अंतिम (वर्ष 1961) थे।
- 30 मई, 1987 में इस क्षेत्र को विभाजित किया गया और गोवा को पूर्ण राज्य तथा दमन एवं दीव को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया।

भौगोलिक विशेषताएँ:

- गोवा का उच्चतम बिंदु सोंसोगोर (Sonsogor) है।
- गोवा के उत्तर में तेरेखोल नदी बहती है जो गोवा को महाराष्ट्र से अलग करती है, राज्य की अन्य प्रमुख नदियों में मांडवी, जुआरी, चपोरा, रखोल, गलगबिाग, कुम्बरजुआ नहर, तलपोना और साल आदि शामिल हैं।
- गोवा का अधिकांश मृदा आवरण लेटराइट से निर्मित है।

वन्यजीव अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान:

- डॉ. सलीम अली पक्षी अभयारण्य
- महादेई वन्यजीव अभयारण्य
- नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य
- कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य
- भगवान महावीर अभयारण्य
- मोलेम नेशनल पार्क

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/statehood-day-of-goa